928 ~~Lf~~ **822 (BA)**

**2019**

# गणित

## केवल प्रश्न-पत्र

**(संख्या पद्धति, बीजगणित, निर्देशांक ज्यामिति, ज्यामिति, त्रिकोणमिति, मेन्सुरेशन, सांख्यिकी तथा प्रायिकता)**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट]* *[पूर्णांक : 70*

***निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल सात प्रश्न हैं ।*

*(iii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iv) प्रत्येक प्रश्न के प्रारम्भ में स्पष्ट उल्लेख कर दिया गया है कि उसके कितने खण्ड करने हैं ।*

*(v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।*

*(vi) प्रथम प्रश्न से प्रारम्भ कीजिए और अंतिम प्रश्न तक करते जाइए । जो प्रश्न न आता हो, उस पर अपना समय नष्ट न कीजिए ।*

*(vii) यदि रफ़ कार्य के लिए स्थान अपेक्षित है, तो उत्तर-पुस्तिका के बाएँ पृष्ठ पर कीजिए और फिर उसे काट (×) दीजिए । उस पृष्ठ पर कोई हल न लिखिए ।*



Scanned with CamScanner

(viii) *प्रश्नों के हल उत्तर-पुस्तिका के दोनों ओर पृष्ठों पर लिखिए । प्रश्न संख्या 1 के अतिरिक्त सभी प्रश्नों के हल के क्रिया पद लिखिए ।*

(ix) *रचना वाले प्रश्नों में रचना सम्बन्धित चाप व रेखाएँ न मिटाएँ । रचना के पद यदि पूछे गए हैं, तो लिखिए ।*


(x) *जिस प्रश्न के हल में चित्र खींचना आवश्यक हो, उसमें अवश्य खींचिए अन्यथा उसके अभाव में हल अपूर्ण और अशुद्ध माने जाएँगे ।*


---


**1.** *सभी* खण्ड कीजिए :


प्रत्येक खण्ड के उत्तर के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक ही सही है । सही विकल्प छाँटकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

(क) निम्नलिखित में से कौन-सा ग्राफ द्विघात बहुपद का *नहीं* है ? *1*

(i) 

(ii) 

(iii) 

(iv) 

(ख) परिमेय संख्या $\frac{14587}{1250}$ का दशमलव प्रसार निम्नलिखित किन दशमलव स्थानों के बाद समाप्त हो जायेगा ? *1*


(i) एक (ii) दो

(iii) तीन (iv) चार .



Scanned with CamScanner

(ग) चित्र में, $\Delta ABC$ के आधार $BC$ के समान्तर रेखाखण्ड $PQ$ खींचा गया है । यदि $PQ : BC = 1 : 3$ हो, तो $AP$ और $PB$ का अनुपात होगा 1




(i) 1 : 2 (ii) 1 : 3

(iii) 1 : 4 (iv) 2 : 3

(घ) यदि $\tan\theta = \frac{a}{b}$ है, तो $\frac{b\sin\theta - a\cos\theta}{b\sin\theta + a\cos\theta}$ का मान होगा 1

(i) 1 (ii) $\frac{a^2 - b^2}{a^2 + b^2}$

(iii) $\frac{b^2 - a^2}{b^2 + a^2}$ (iv) 0

(ङ) बिन्दु (– 6, 8) की मूल-बिन्दु से दूरी है 1

(i) 8 (ii) $2\sqrt{7}$

(iii) 10 (iv) 6

(च) किसी सिक्के को एक बार उछालने पर ऊपर शीर्ष आने की प्रायिकता होगी 1

(i) 1 (ii) – 1

(iii) $\frac{1}{2}$ (iv) $\frac{1}{3}$



Scanned with CamScanner

2. **सभी** खण्ड कीजिए :

(क) $k$ के किस मान के लिए रैखिक समीकरण युग्म $kx + y = k^2$ तथा $x + ky = 1$ के अनन्त अनेक हल होंगे ? 1

(ख) दो समरूप त्रिभुजों के परिमाप क्रमशः 40 सेमी तथा 60 सेमी हैं । इनके क्षेत्रफलों में अनुपात ज्ञात कीजिए । 1

(ग) $\Delta ABC$ में, सिद्ध कीजिए : 1

$$\cos\left(\frac{A+B}{2}\right) = \sin\frac{C}{2}$$

(घ) 144 बाल पैनों के एक समूह में 20 बाल पैन खराब हैं तथा शेष अच्छे हैं । आप वही पैन खरीदना चाहेंगे जो अच्छा हो । दुकानदार इन पैनों में से यादृच्छया एक पैन निकालकर आपको देता है । प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि आप वह पैन खरीदेंगे । 1

3. **सभी** खण्ड कीजिए :

(क) 636 योगफल प्राप्त करने के लिए श्रेढ़ी 9, 17 25, ... के कितने पद लेने चाहिए ? 2

(ख) यूक्लिड विभाजन एल्गोरिथ्म से संख्याओं 135 और 225 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए । 2

(ग) बिन्दुओं $A(-2, 2)$ और $B(2, 8)$ को जोड़ने वाले रेखाखण्ड $AB$ को चार बराबर भागों में विभाजित करने वाले बिन्दुओं के निर्देशांक ज्ञात कीजिए । 2

(घ) 5·2 सेमी त्रिज्या के वृत्त के किसी त्रिज्यखण्ड का परिमाप 16·4 सेमी है । त्रिज्यखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । 2



Scanned with CamScanner

4. *सभी* खण्ड कीजिए :

(क) व्याख्या कीजिए, क्यों

$$(17 \times 5 \times 11 \times 3 \times 2 + 2 \times 11)$$


एक भाज्य संख्या है । 2

(ख) सिद्ध कीजिए : 2

$$(1 - \sin\theta)(1 + \sin\theta)(1 + \tan^2\theta) = 1$$

(ग) सिद्ध कीजिए कि बिन्दु (1, 5), (2, 3) और (– 2, 11) संरेखीय हैं । 2

(घ) दवा का एक कैप्सूल बेलन के आकार का है जिसके दोनों सिरों पर एक-एक अर्द्धगोला लगा हुआ है । निम्नलिखित चित्र में कैप्सूल की लंबाई 14 मिमी तथा व्यास 5 मिमी है । इसका सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । 2




5. *सभी* खण्ड कीजिए :

(क) समीकरण

$$\frac{1}{(x-1)(x-2)} + \frac{1}{(x-2)(x-3)} = \frac{2}{3}, x \neq 1, 2, 3$$

को हल करके द्विघात समीकरण प्राप्त कीजिए । मूलों की प्रकृति ज्ञात कीजिए । सूत्र का प्रयोग करके द्विघात समीकरण को हल कीजिए ।

(ख) समरूप त्रिभुजों के गुणों का प्रयोग करके सिद्ध कीजिए कि समकोण त्रिभुज में कर्ण का वर्ग शेष दो भुजाओं के वर्गों के योगफल के बराबर होता है । 4



Scanned with CamScanner

(ग) सिद्ध कीजिए : 4

$$(1 + \cot \theta + \tan \theta)(\sin \theta - \cos \theta) = \frac{\sec^3 \theta - \text{cosec}^3 \theta}{\sec^2 \theta \, \text{cosec}^2 \theta}$$

(घ) निम्नलिखित आँकड़े 225 बिजली उपकरणों के प्रेक्षित जीवन काल (घण्टों में) की सूचना देते हैं :

| *जीवन काल (घण्टों में)* | *बारम्बारता* |
|---|---|
| 0 – 20 | 10 |
| 20 – 40 | 35 |
| 40 – 60 | 52 |
| 60 – 80 | 61 |
| 80 – 100 | 38 |
| 100 – 120 | 29 |

उपकरणों का बहुलक जीवन काल ज्ञात कीजिए । 4

6. ***सभी*** खण्ड कीजिए :

(क) एक कुटीर उद्योग एक दिन में कुछ बर्तनों का निर्माण करता है । एक विशेष दिन यह देखा गया कि प्रत्येक नग के निर्माण की लागत उस दिन निर्मित किए बर्तनों की संख्या के दुगुने से 3 अधिक थी । यदि उस दिन की कुल निर्माण लागत ₹ 90 थी, तो निर्मित बर्तनों की संख्या और प्रत्येक नग की लागत ज्ञात कीजिए । 4

(ख) एक खोखले शंकु को आधार के समान्तर किसी समतल द्वारा काटा जाता है और ऊपर के सिरे को हटा दिया जाता है । शेष भाग का वक्र पृष्ठ संपूर्ण शंकु के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल का $\frac{8}{9}$ भाग है । ज्ञात कीजिए कि शंकु किस ऊँचाई से काटा गया । 4



Scanned with CamScanner

(ग) एक मीनार के शिखर से 50 मीटर ऊँचे मकान की छत तथा आधार के अवनमन कोण क्रमशः $30°$ और $60°$ हैं । मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । 4

(घ) किसी फुटकर बाजार में फल विक्रेता पेटियों में रखे आम बेच रहे थे । इन पेटियों में आमों की संख्या भिन्न-भिन्न थी । पेटियों की संख्या के अनुसार आमों का आबंटन निम्नलिखित था :

| *आमों की संख्या* | *पेटियों की संख्या* |
|---|---|
| 50 – 52 | 15 |
| 53 – 55 | 110 |
| 56 – 58 | 135 |
| 59 – 61 | 115 |
| 62 – 64 | 25 |

एक पेटी में रखे आमों की माध्य संख्या ज्ञात कीजिए । 4

7. ***सभी*** खण्ड कीजिए :

(क) रैखिक युगपत समीकरणों

$$2x - y = 1 \text{ तथा } x + 2y = 13$$

को ग्राफ खींचकर हल कीजिए । इन रेखाओं तथा $y$-अक्ष से बने त्रिभुज के शीर्षों के निर्देशांक ज्ञात कीजिए । 6

**अथवा**

बहुपद $2x^4 - 3x^3 - 3x^2 + 6x - 2$ के सभी शून्यक ज्ञात कीजिए यदि इसके दो शून्यक $\sqrt{2}$ और $-\sqrt{2}$ हैं । 6



Scanned with CamScanner

(ख) 3 सेमी और 5 सेमी त्रिज्या के दो संकेन्द्रीय वृत्त खींचिए तथा बाह्य वृत्त पर एक बिन्दु लेकर दूसरे वृत्त पर स्पर्श-रेखाएँ खींचिए । स्पर्श-रेखा की लम्बाई ज्ञात कीजिए तथा गणना द्वारा इसे सत्यापित कीजिए । *6*

**अथवा**

5 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त खींचिए तथा इस वृत्त की ऐसी दो स्पर्श-रेखाएँ खींचिए जो परस्पर 60° का कोण बनातीं हैं । इनमें से किसी एक स्पर्शी को नापिए और गणना द्वारा उत्तर की पुष्टि कीजिए । *6*

Scanned with CamScanner